प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 57 / 2025)

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा)**
**वेबसाइट www.trai.gov.in**

**नई दिल्ली , 17 जुलाई 2025**

## भादूविप्रा ने डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग हेतु फ्रेमवर्क पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज नई दिल्ली स्थित भादूविप्रा मुख्यालय में "**डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग हेतु फ्रेमवर्क"** पर आधे दिन की कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में केंद्र सरकार के प्रमुख मंत्रालयों और विभागों, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), सीपीडब्ल्यूडी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ऑर्गनाइजेशन, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, एनबीसीसी और अन्य बुनियादी ढांचा विकास एजेंसियों के 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

इस आयोजन का उद्देश्य संपत्ति या बुनियादी ढांचे के विकास योजना के एक हिस्से के रूप में डिजिटल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे की योजना बनाने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और 25 अक्टूबर 2024 को भादूविप्रा द्वारा अधिसूचित **डिजिटल कनेक्टिविटी विनियम, 2024** के लिए संपत्तियों की रेटिंग को संस्थागत रूप से अपनाने को बढ़ावा देना है। विनियमन ग्रीन बिल्डिंग या ऊर्जा दक्षता रेटिंग के समान एक स्वैच्छिक, प्रदर्शन-आधारित स्टार रेटिंग प्रणाली है जिसमें यह आंकलन किया जाता है कि कि उच्च गुणवत्ता वाले ब्रॉडबैंड और मोबाइल कनेक्टिविटी देने के लिए कोई संपत्ति या बुनियादी ढांचा डिजिटल रूप से कितना तैयार है। संपत्ति या बुनियादी ढांचे में आवासीय भवन, वाणिज्यिक परिसर, सरकारी कार्यालय, हवाई अड्डे, राजमार्ग, स्टेडियम और रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री **अनिल कुमार लाहोटी** ने अपने उद्‌घाटन सम्बोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि अनुमानित 70-80% मोबाइल डेटा ट्रैफिक अब परिसरों के अंदर उपयोग होता है इसलिए मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी पानी, बिजली और संरचनात्मक सुरक्षा की तरह ही आवश्यक हो गई है । उन्होंने **डिजिटल कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर (डीसीआई);** सिविल, भौतिक और तकनीकी घटक जो कि दूरसंचार नेटवर्क तक निर्बाध पहुंच को सक्षम करते हैं; को बाद में जोड़े जाने के बजाय डिजाइन चरण में योजनाबद्ध तरीके से शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अध्यक्ष ने कहा कि नया रेटिंग फ्रेमवर्क संपत्ति डेवलपर्स, बुनियादी ढांचा प्रदाताओं और सरकारी एजेंसियों को विभिन्न प्रकार के परिसरों जैसे घरों, कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों, परिवहन केंद्रों और स्मार्ट शहरी स्थानों में डिजिटल कनेक्टिविटी की तैयारी की योजना बनाने, लागू करने, मूल्यांकन करने और सुधार करने के लिए एक स्पष्ट, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-तटस्थ दृष्टिकोण प्रदान करता है। उन्होंने मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों से डीसीआई आवश्यकताओं को परियोजना दिशानिर्देशों, मॉडल निविदा दस्तावेजों

और प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में एकीकृत करने का आग्रह किया, ताकि डिजाइन के स्तर पर भारत का निर्मित वातावरण भविष्य के लिए तैयार हो।

तकनीकी सत्र में **श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (क्यूओएस-1), भादूविप्रा** द्वारा एक प्रस्तुति को शामिल किया गया, जिसमें उन्होने **डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए संपत्तियों की रेटिंग विनियमन 2024** और पंजीकृत **डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग एजेंसियों (डीसीआरए), संपत्ति प्रबंधकों, वास्तुकारों और सेवा प्रदाताओं के संदर्भ के लिए संबंधित रेटिंग मैनुअल का विवरण दिया।** प्रतिभागियों को फाइबर एंट्री पॉइंट, इनडोर सिग्नल स्ट्रेंथ, एंटीना इंस्टॉलेशन के लिए रूफटॉप एक्सेस, वाई-फाई और 5 जी के लिए तत्परता और ऑपरेटरों के लिए सेवाओं को तैनात करने या बनाए रखने में आसानी जैसे प्रमुख रेटिंग मापदंडों के बारे में जानकारी दी गई।

**भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का प्रतिनिधित्व करते हुए, श्री अभिषेक शर्मा, वैज्ञानिक 'बी'** ने सूचना और संचार सक्षम प्रतिष्ठानों से संबंधित **राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 में प्रस्तावित प्रमुख संशोधनों** पर बात की, जिसमें उभरती हुई दूरसंचार बुनियादी ढांचे की जरूरतों के साथ भवन मानकों के सामंजस्य के महत्व पर जोर दिया गया।

कार्यशाला में परस्पर संवाद के माध्यम से चर्चाएं की गईं और एक प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने भीतरी कनेक्टिविटी के अंतर को दूर करने और निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए योजना, नीति और कार्यान्वयन में तालमेल बैठाते हुए अपने-अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

यह फ्रेमवर्क **डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटी मिशन** जैसे प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों के साथ तालमेल बैठाता है, जो प्रत्येक नागरिक के लिए समावेशी, उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल पहुंच के दीर्घकालिक लक्ष्य का समर्थन करता है।

भादूविप्रा देश में मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे के निर्माण की सुविधा के लिए इस तरह की कार्यशालाओं, परामर्श और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से अपने हितधारकों की भागीदारी जारी रखेगा।

अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें: -

**श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (क्यूओएस-1)**
**ई-मेल: adv-qos1@trai.gov.in | दूरभाष : +91-11-20907759**

अतुल चौधरी 17/7/25

**(अतुल कुमार चौधरी)**
**सचिव, भादूविप्रा**